विज्ञान-प्रौद्योगिकी को स्वीकार किए बिना विकास संभव नहीं : राज्यपाल

महोत्सव का शुभारंभ करते राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह(सेनि.) व मंत्री सुबोध उनियाल। संवाद

विकासनगर। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके बिना विकास संभव नहीं है।

सुद्धोवाला स्थित वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित पांचवें अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकास करना है तो विज्ञान और तकनीक को स्वीकार कर इसके साथ चलना होगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं के बनाए गए मॉडल का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान आयोजित विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में 1200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 300 छात्र-छात्राओं ने एयरोमॉडलिंग कार्यशाला में हिस्सा लिया। रोबोटिक्स कार्यशाला में विशेषज्ञ सौरभ कौशल ने छात्र-छात्राओं को रोबोट के मॉडल के बारे में जानकारी दी। संवाद